PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Dainik Jagran, Delhi**
**Wednesday, 20th June 2018; Page: 32**
**Width: 11.02 cms; Height: 6.77 cms; a4; ID: 57.2018-06-20.194**

# अर्धसैनिक बल के तीन हजार जवान करेंगे योग

जासं, नई दिल्ली : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। इसमें सीआइएसएफ भी लगी हुई है। 21 जून को दिल्ली में होने वाले आयोजन के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) को नोडल फोर्स की जिम्मेदारी दी गई है। बल के नेतृत्व में अर्धसैनिक बलों के जवान लाल किला और राजपथ पर योगाभ्यास करेंगे। इसमें 2000 महिला कर्मी शामिल होंगी। सीआइएसएफ के प्रवक्ता हेमेंद्र सिंह ने बताया कि राजपथ में होने वाले मुख्य आयोजन सहित लाल किला में योग के लिए बल को नोडल फोर्स घोषित किया गया है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दिल्ली स्थित मुख्यालय सहित देश में बल की 343 यूनिटों में जवान योग करेंगे।